हरिभूमि

झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

11 अतिक्रमण से सिकुड़ रही शहर की सड़कें



12 मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस सड़कों पर उतरी



खबर संक्षेप

डीसी ने हॉट स्पॉट में निगरानी रखकर प्रदूषण रोकने के दिए निर्देश

झज्जर। जिले में ग्रेप के प्रभावी क्रियान्वयन और वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन ने निगरानी एवं प्रवर्तन व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। डीसी वर्षा खांगवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से विशेष कार्ययोजना तैयार कर उसे प्रभावी ढंग से लागू करें। उन्होंने कहा कि चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखते हुए प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



पाटोदा में आज लगेगा सेवा सेतु कैंप

झज्जर। जिलाभर में सेवा संकल्प अभियान के तहत आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके नजदीक पहुंचाने के उद्देश्य से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में सेवा सेतु कैंप लगाए जा रहे हैं। जिप सीईओ मनीष फौगाट ने बताया कि शुक्रवार 9 अक्टूबर को गांव पाटोदा, 10 अक्टूबर को गांव बिरोहड़, 12 अक्टूबर को माछरौली ब्लॉक मुख्यालय व गांव ढाकला, 13 अक्टूबर को गांव खुड्डन, 14 अक्टूबर को साल्हावास ब्लॉक मुख्यालय तथा 15 अक्टूबर को गांव भुरावास में सेवा सेतु कैंप आयोजित किए जाएंगे। इसे लेकर पूरी तैयारियां की जा रही हैं।

मौसम की करवट : अब घटने के बजाय फिर बढ़ रहा तापमान

बहादुरगढ़। अक्टूबर माह का एक सप्ताह बीत गया है लेकिन तापमान नहीं घट रहा। सप्ताहभर से तापमान 35 डिग्री के आसपास चल रहा है। वीरवार को अधिकतम तामपान 34 डिग्री दर्ज किया गया। दोपहर के वक्त तीखी धूप रही और काफी गर्मी महसूस हुई। हालांकि सुबह शाम के वक्त ठंडी हवा चल रही है। पिछले साल इन्हीं दिनों में तापमान 25 डिग्री के आसपास था लेकिन इस साल 10 डिग्री अधिक चल रहा है। पिछले महीने में बूंदाबांदी होने से एक बार जरूर ठंडक महसूस हुई थी लेकिन फिलहाल अधिकतम तापमान 35 डिग्री के आसपास चल रहा है।

राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष आज झज्जर में

झज्जर। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार शुक्रवार को जिला झज्जर के दौरे पर रहेंगी। प्रवक्ता ने बताया कि महिला आयोग की उपाध्यक्ष शुक्रवार सुबह दस बजे संस्कारम यूनिवर्सिटी और इसके उपरांत 12 बजे एक्सएलआरआई यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगी।

208 ग्राम अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने अफीम सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि एक शख्स नशीला पदार्थ लेकर नए बस स्टैंड के गेट के पास खड़ा है। इस पर टीम ने तुरंत मौके पर जाकर उसे काबू किया। आरोपी की पहचान भैरूलाल के रूप में हुई है। राजस्थान के भीलवाड़ा का रहने वाला है। उसके पास से 208 ग्राम अफीम बरामद हुई है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

थार सवार युवकों का रोहद में टोल मांगने पर हंगामा

25-30 बदमाशों की भीड़ ने टोल पर की तोड़फोड़, कर्मियों पर डंडों व रॉड से हमला

- हमले में घायल चार कर्मचारी पीजीआई रोहतक किए रेफर, 7 नामजद समेत अन्य पर केस दर्ज

बुधवार रात करीब साढ़े 12 बजे तीन युवक थार में आए। उनके साथ टोल मांगने पर विवाद हुआ।

आरोपी तीन युवकों ने हंगामा कर टोल में तोड़फोड़ कर काम बंद करवाने की धमकी दी और चले गए।

बुधवार रात ही 25-30 युवक टोल पर आए और तोड़फोड़ करते हुए कर्मचारियों को पीटा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

रोहद टोल प्लाजा पर शुल्क को लेकर शुरू हुआ विवाद देर रात हिंसक झड़प में बदल गया। दो दर्जन से अधिक युवक डंडे, लोहे की रॉड लेकर टोल पर पहुंचे और कर्मचारियों से मारपीट शुरू कर दी। शिफ्ट इंचार्ज को भी कार्यालय से बाहर खींचकर पीटा। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। आसौदा थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना बुधवार रात की है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फुटेज आदि चेक की। शिफ्ट इंचार्ज सहित चार घायल पीजीआई रोहतक में भर्ती हैं।

शिफ्ट इंचार्ज सुनील दुबे ने शिकायत में कहा है कि 7 अक्टूबर की रात करीब साढ़े 12 बजे थार गाड़ी में सागर, रोहित और शालू नाम के युवक टोल पर आए। टोल देने को लेकर कर्मचारियों से विवाद के बाद उन्होंने कुछ समय तक लेन-3 फ्री चलने दी और टोल को स्थाई रूप से फ्री कराने की धमकी दी। इसके बाद टोल उपकरणों में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद आरोपी वहां से चले गए। उसी रात फिर से 25-30 युवक 5-6 गाड़ियों में डंडे व रॉड लेकर दोबारा टोल पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। शिफ्ट इंचार्ज सुनील दुबे ने बताया कि बदमाशों ने कार्यालय से बाहर खींचकर उन्हें डंडों व रॉड से पीटा। मारपीट में सागर, हरदेश और सुमित समेत कई कर्मचारियों को चोटें आईं। सभी को पहले बहादुरगढ़ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें पीजीआई रेफर किया गया। बता दें कि रोहद टोल प्लाजा पर मारपीट व हंगामे का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार विवाद हो चुके हैं।

डरकर भागे कर्मचारी, लाखों रुपये का नुकसान

शिकायत में अंकित, रोहित, सागर, निशांत, शेखर, कालू और शालू समेत अन्य युवकों पर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए खुद और कर्मचारियों को जान-माल का खतरा बताया है। साथ ही टोल कर्मचारियों के डर के कारण काम छोड़कर भागने से कंपनी को करीब 20-22 लाख रुपये और उपकरणों की तोड़फोड़ से करीब 2.5 से 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उधर, पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

ठक-ठक गैंग की दिनदहाड़े वारदात

चालक को चकमा देकर गाड़ी से निकाले 5 लाख

- रोहतक-दिल्ली रोड पर भागते वक्त एक शातिर पकड़ा, तीन अन्य की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में रोहतक-दिल्ली रोड पर दिनदहाड़े शातिरों ने एक कार चालक को चकमा देकर 5 लाख रुपये की नकदी साफ कर दी। हालांकि भागते वक्त एक युवक को पकड़ लिया गया, लेकिन उसके अन्य सदस्य नकदी लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात नूना माजरा के निवासी नवीन के साथ हुई है। नवीन का कहना है कि वह पेशे से प्रॉपर्टी डीलर है। मुझे अपने किसी परिचित को 5 लाख रुपये देने थे। उससे यहां रोहतक रोड पर ली फार्म के बाहर मिलना तय हुआ। मैंने अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी की पिछली सीट पर पैसों से भरी पॉलीथिन रखी थी। इसी दौरान एक युवक पास आकर शीशा खटखटाने लगा और नीचे की तरफ इशारा किया। मैंने उसे नजरंदाज कर दिया। थोड़ी देर में एक और युवक आया। उसने भी वैसा ही इशारा किया। मुझे लगा कि गाड़ी में कोई दिक्कत है। चेक करने के लिए अनलॉक का बटन दबाया तो सारी खिड़की अनलॉक हो गई। इसके बाद बाहर की तरफ देखा तो 10 रुपये के कई नोट बिखरे हुए थे।

मैंने उन नोटों को नहीं उठाया और शंका होने पर तुरंत पीछे सीट पर देखा तो नोटों की पॉलीथिन गायब थी। इसके बाद गाड़ी से बाहर निकला तो उस युवक को रोड क्रॉस कर दिल्ली की तरफ भागते देखा। मैंने तुरंत शोर मचाते हुए उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। आरोपी युवक ठीक से हिंदी नहीं बोल पा रहा था लेकिन उसने अपना नाम सतीश बताया। अन्य साथियों के नाम आरोन, शक्ति व वेंकटेश बताए। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी पुलिस के हवाले कर दिया। अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर मेरे रुपये बरामद किए जाएं। उधर, सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि बहादुरगढ़ में सरेआम इस तरह की वारदात लगातार हो रही हैं।

शारदीय नवरात्र मेले की तैयारियां जोरों पर

80 सीसीटीवी से करेंगे मेला परिसर की निगरानी

- 800 पुलिस के जवान रहेंगे तैनात, बुजुर्गों और महिलाओं की सहायता के लिए रहेगी विशेष व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरी

धर्मनगरी बेरी स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर परिसर में आगामी 11 अक्टूबर से लगने वाले शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस के स्तर पर व्यापक इंतजाम किए जा रहे है। मंदिर परिसर के अलावा पूरे मेला परिसर में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है।

पूरे मेला परिसर में सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। डीसीपी धारणा यादव ने बताया कि मेला परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 80 सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा मेले के दौरान 800 जवान भी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि महिलाओं और बुजुर्गों की सहायता के लिए अलग से टीम बनाई गई है।

कर्मचारियों को देंगे पहचान पत्र

माता भीमेश्वरी देवी श्राइन बोर्ड की सीईओ एवं एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि मेला परिसर में पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, रात्रि के समय पर्याप्त रोशनी, स्वास्थ्य सेवाएं, अस्थायी शौचालय, सीसीटीवी, माइक सर्विस और अग्निशमन सेवाओं सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मेला ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को संबंधित विभागों की ओर से पहचान पत्र जारी किए जाएंगे ताकि ड्यूटी व्यवस्था में पारदर्शिता व समन्वय बना रहे।

अनाजमंडी में विरोध के बावजूद किसानों को नहीं मिल रहा फसल का पूरा दाम

मंडी में शुरू नहीं हुई बाजरे की सरकारी खरीद, आढ़तियों ने ही दो दिन में 6750 क्विंटल खरीदा

- 3307 किसानों के गेट पास काटे जा चुके, बाजरे की कुल आवक 98,611 क्विंटल दर्ज की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

स्थानीय अनाजमंडी में बाजरे की निजी खरीद पिछले दो दिनों से जारी है। दो दिनों में मंडी में 6750 क्विंटल बाजरे की निजी खरीद की जा चुकी है, जबकि करीब 4000 क्विंटल बाजरे का उठान भी हो गया है। मंडी में बाजरे की खरीद 2100 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से की जा रही है। हालांकि बाजरे की सरकारी खरीद 2300 रुपये प्रति क्विंटल पर होनी है और साथ ही भावांतर में भी 600 रुपये मिलने हैं।

ई-खरीद पोर्टल पर अब तक 3307 किसानों के गेट पास काटे जा चुके हैं। इन किसानों से मंडी में बाजरे की कुल आवक 98,611 क्विंटल दर्ज की गई है। वहीं, पीआर धान की अभी तक आवक 12 किसानों से 832 क्विंटल दर्ज हुई है। वीरवार को स्थानीय अनाजमंडी में 1509 और 1692 किस्म का करीब 2 हजार क्विंटल धान पहुंचा। आढ़तियों द्वारा मंडी में पहुंचा पूरा धान बोली लगाकर खरीद लिया गया। मशीन से निकले धान का भाव 3900 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जबकि हाथ से निकले धान की खरीद 4200 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से हुई। वहीं मंडी में गेट पास को लेकर एक किसान ने हंगामा भी किया। बाद में अधिकारियों से बातचीत करने के बाद गेट पास काट दिया गया।

झज्जर। अनाज मंडी परिसर में बाजरे के उठान कार्य में जुटे श्रमिक।

पूर्व प्रधान की भूख हड़ताल सातवें दिन भी जारी

स्वास्थ्य: बाजरे की सरकारी खरीद को लेकर आढ़ती एसोसिएशन के पूर्व प्रधान हरेंद्र सिलाना की भूख हड़ताल जारी है। भूख हड़ताल के सातवें दिन चिकित्सीय टीम ने हरेंद्र सिलाना के स्वास्थ्य की जांच की। हरेंद्र सिलाना ने कहा कि जब तक सरकारी खरीद शुरू नहीं होती, उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी।

मोबाइल हैक कर महिला के खाते से निकाले रुपये

बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)। एक महिला का मोबाइल हैक कर खाते से रुपये निकालने का मामला सामने आया है। महिला ने पुलिस को शिकायत दे दी है। शिकायतकर्ता अनीता का कहना है कि उनका आईसीआईसीआई बैंक में खाता है। गत 15 जुलाई को फोन अचानक हैक हो गया था। इसके बाद 16 जुलाई को अचानक खाते में कुछ रुपये जमा होने का मैसेज आया। फिर उसके बाद पैसे कटने के मैसेज आने शुरू हो गए। ट्रांजेक्शन के कुल 11 मैसेज आए। इस तरह से उनके खाते से 1 लाख 9 हजार 988 रुपये साफ कर दिए गए। इसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। चूंकि मोबाइल नए सिरे से चालू कर लिया था तो कोई रिकॉर्ड भी नहीं है। उधर, साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस ने चेताया है कि साइबर ठगी की शिकायत तुरंत बैंक व पुलिस को दें ताकि जल्द केस सुलझ सके।

क्रेडिट कार्ड पर चार्ज लगने का डर दिखा खाते से 92 हजार रुपये उड़ाए

- आरोपी ने एक लिंक भेजकर ठगी को अंजाम दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

इलाके में साइबर ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। क्रेडिट कार्ड कटने का भय दिखाकर भी लोगों के खाते से रुपये साफ किए जा रहे हैं। अब शहर के निवासी एक युवक को शातिरों ने वारदात कर 92 हजार से अधिक रुपयों की चपत लगा दी। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है।

वारदात लाइनपार के निवासी सागर के साथ हुई है। सागर का कहना है कि वह गुरुग्राम स्थित एयर इंडिया कंपनी में कार्यरत है। उसने इंडसइंड बैंक का क्रेडिट कार्ड ले रखा है। गत 26 मई की शाम करीब 5 बजे मेरे फोन पर एक अंजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को क्रेडिट कार्ड कंपनी का प्रतिनिधि बताया और कहा कि आपके कार्ड पर 36 हजार रुपये का इंश्योरेंस एड हो गया है। आप अभी डीएक्टिवेट कर लें, अन्यथा चार्ज लगेगा। फिर उसने एक लिंक भेजा, जैसे ही उस पर क्लिक किया तो मेरे खाते से 46 हजार 125 रुपये कट गए। इसके बाद फिर से उतनी ही राशि कट गई। शातिर ने इस तरह से कुल 92 हजार 250 रुपये की चपत लगा दी।

झूठे छेड़खानी के केस में 3 लाख लेते 3 आरोपी दबोचे

- पीड़ित से आरोपियों ने केस से बचाने को 13 लाख रुपये की मांग की थी, एक नाबालिग भी वारदात में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

झूठे छेड़खानी के केस में फंसाने की धमकी देकर 13 लाख रुपये मांगने के मामले में सेक्टर-6 थाना पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को 3 लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। मौके से 3 लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल होंडा सिटी कार बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों राजेश कुमार निवासी दिल्ली और सुरेंद्र निवासी कलानौर को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। पुलिस मामले में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

कल बिरला ओपन माइंड स्कूल में नृत्य नाटिका

100 बेटियां नृत्य से युवाओं तक पहुंचाएंगी रामायण के संस्कार



बहादुरगढ़। रामायण नृत्य नाटिका की रिहर्सल करते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

कला के साथ संस्कारों और भारतीय संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की पहल के तहत बहादुरगढ़ में श्री रामायण नृत्य नाटिका का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन रोहतक दिल्ली रोड स्थित बिरला ओपन माइंड स्कूल में शनिवार 10 अक्टूबर की शाम को होगा।

द नृत्यांगना डांस स्कूल की ओर से होने वाले इस आयोजन में 100 से अधिक बेटियां रामायण के विभिन्न प्रसंगों को नृत्य और अभिनय के माध्यम से मंच पर जीवंत करेंगी। बहादुरगढ़ में तीसरी बार यह आयोजन होने जा रहा है। करीब ढाई घंटे की प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, त्याग, मर्यादा, धर्म के संदेश और अधर्म के विनाश को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

कार्यक्रम का निर्देशन एवं कोरियोग्राफी कर रहीं मानसी शर्मा खुराना ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के प्रति रुचि बढ़ाना है। लोग अपने बच्चों सहित इस कार्यक्रम में आएं।

स्वागत जापान में हुए एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली बेटी का सम्मान किया

कुलासी में हॉकी खिलाड़ी ज्योति का जोरदार अभिनंदन

- गांव के अड्डे पर पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ ज्योति का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

जापान में हुए एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी ज्योति रुमावत जैसे ही अपने पैतृक गांव कुलासी में पहुंची तो ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव के अड्डे पर पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उसका स्वागत किया। इसके बाद ज्योति को गाड़ी में बैठाकर पूरे गांव में सम्मान यात्रा निकाली गई। रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने फूल बरसाकर गांव की बेटी का अभिनंदन किया।



बहादुरगढ़। ज्योति का अभिनंदन करते विधायक राजेश जून।

गांव का सामुदायिक भवन भी ज्योति के सम्मान में आयोजित समारोह का साक्षी बना। यहां ग्रामीणों और मौजिज लोगों ने फूलों व नोटों की मालाएं पहनाकर ज्योति का सम्मान किया। इस दौरान पूरा गांव उत्साह और खुशी से सराबोर नजर आया।

ग्रामीणों ने ज्योति को एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन और भारतीय टीम की स्वर्णिम सफलता की बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक राजेश जून, पूर्व विधायक राजेंद्र जून, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, जिला पार्षद रवींद्र छिल्लर बराही समेत अनेक नेताओं ने कार्यक्रम में पहुंचकर देश का परचम लहराने वाली बेटी ज्योति को आशीर्वाद दिया। वक्ताओं ने कहा कि ज्योति ने न केवल गांव बल्कि पूरे देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है। वहीं, ज्योति ने अपनी उपलब्धि का श्रेय परिजनों और अपने कोच को दिया। सरपंच प्रतिनिधि हवा सिंह उर्फ पप्पू, बलवान स्वामी, भगवान स्वामी, मनजीत स्वामी, धर्मपाल, दिनेश, मुकेश, जगजीत, प्रदीप, मनोज सहित अन्य इस अवसर पर मौजूद रहे।

विशेष : विश्व डाक दिवस, 9 अक्टूबर

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

दुनिया के कुछ अलग हटके पोस्ट ऑफिस

बच्चो, डाक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए देश में ही नहीं, विदेशों में भी डाक घरों यानी पोस्ट ऑफिस की ऐसी व्यवस्था की गई है, जो सबको आश्चर्यचकित करती है। कहीं डाकघर झील में तैरता है, तो कहीं समुद्र के नीचे स्थित है। कोई डाकघर बर्फीले पहाड़ों पर है, तो कहीं खच्चर पहुंचाते हैं चिट्ठियां। डाक घरों से जुड़ी ऐसी ही कुछ हैरान करने वाली जानकारी।



दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ डाकघर श्रीनगर, भारत

भारत में दुनिया का इकलौता तैरता हुआ डाकघर है। यह डाकघर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में खूबसूरत डल झील में एक विशाल हाउस बोट पर स्थित है। इसका उद्घाटन अगस्त 2011 में हुआ था। यह न केवल स्थानीय लोगों को डाक सेवाएं प्रदान करता है, यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र भी है। इस डाकघर की मुहर भी खास है, जिस पर डल झील में शिकारा (नाव) चलाने वाले नाविक का चित्र बना होता है। *

दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर हिक्किम, भारत



हिमाचल प्रदेश के लाहुल-स्पीति जिले में स्थित हिक्किम डाकघर समुद्र तल से 14,567 फीट (लगभग 4,440 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर है। अत्यधिक ऊंचाई और भारी बर्फबारी के बावजूद, यह डाकघर साल के अधिकांश समय चालू रहता है। यहां से दुनिया भर के पर्यटक अपने प्रियजनों को पोस्टकार्ड भेजते हैं, जिस पर गर्व से लिखा होता है 'दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर से सादर।' *



दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस वानुअतु

प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा-सा द्वीप देश है वानुअतु। यहां दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस है। यह डाकघर समुद्र के अंदर लगभग 3 मीटर (10 फीट) की गहराई में स्थित है। यहां जाने के लिए पर्यटकों को स्कूबा डाइविंग या स्नॉर्कलिंग गियर पहनना पड़ता है। यहां विशेष रूप से बनाए गए वॉटरप्रूफ (जलरोधी) पोस्टकार्ड बेचे जाते हैं, जिन्हें पर्यटक पानी के अंदर जाकर पोस्ट बॉक्स में डालते हैं। डाक विभाग का गोताखोर रोजाना आकर इन पत्रों को इकट्ठा करता है। *

दुनिया का सबसे उत्तरी डाकघर स्वालबार्ड, नॉर्वे

उत्तरी ध्रुव के बेहद करीब स्थित देश नॉर्वे के स्वालबार्ड द्वीप समूह के न्ये-ऑलेसुंड में आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे उत्तरी दिशा में डाकघर स्थित है। यह क्षेत्र अत्यधिक ठंडा है। यहां ध्रुवीय भालुओं का आतंक रहता है। यहां काम करने वाले डाक कर्मियों को न केवल डाक संभालनी होती है, बल्कि सुरक्षा के लिए राइफल चलाने की ट्रेनिंग भी लेनी पड़ती है। यहां से वैज्ञानिक और शोधकर्ता अपने देशों को पत्र भेजते हैं। *



अपनी तरह की बिल्कुल अनोखी खच्चर डाक सेवा



तकनीकी रूप से बेहद उन्नत देश अमेरिका में आज भी एक ऐसा इलाका है, जहां डाक पहुंचाने के लिए खच्चरों का सहारा लिया जाता है। एरिजोना के ग्रैंड कैनियन की गहराइयों में बसे सुपाइ गांव में 'हवासुपाई' जनजाति रहती है। यहां तक पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। इसलिए, अमेरिकी डाक सेवा आज भी हर हफ्ते खच्चरों के कारवां के जरिए यहां के लोगों तक पत्र, दवाइयां और जरूरी सामान पहुंचाती है। *

दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क भारतीय डाक सेवा



बच्चो, हमारे देश के डाक विभाग यानी भारतीय डाक विभाग के पास दुनिया का सबसे बड़ा और सघन डाक नेटवर्क है। वर्तमान में भारत में 1,55,000 से अधिक डाकघर हैं। इनमें से लगभग 90 प्रतिशत डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। भारत में औसतन एक डाकघर लगभग 21.23 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र और करीब 8,000 से अधिक लोगों की आबादी को सेवा प्रदान करता है। चीन या अमेरिका जैसे बड़े देश भी डाकघरों की संख्या के मामले में भारत के आस-पास नहीं ठहरते। *

बच्चो, फेस्टिवल सीजन शुरू हो रहा है। तुम जरूर इन त्योहारों का पूरा आनंद लेना चाहोगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दो। इस तैयारी में तुम्हारे कुछ ऐसे काम और प्रयास होने चाहिए, जिससे सबको खुशियां मिलें और तुम एक अच्छे-नेक इंसान कहलाओ।

त्योहारों की करो ऐसी तैयारी सबको मिले खुशियां

पर्व उमंग

अंजू जैन



बच्चो, त्योहार हमारे जीवन को उत्साह-उमंग से भरते हैं। त्योहार मौज-मस्ती के साथ-साथ हमें अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। त्योहार हमें अपने परिवार से जोड़ते भी हैं। अब एक साथ कई त्योहारों की झड़ी लगने वाली है। इनका पूरा आनंद उठाने के लिए तुम्हें कुछ तैयारियां अभी से कर लेनी चाहिए, जानो ये तैयारी क्या हो सकती हैं?

अपने लोगों के साथ माइंडफुल प्रेजेंस: बच्चो, त्योहारों का असली मजा तब है, जब हम डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर अपने लोगों के साथ घुले-मिलें। इसलिए तुमको भी त्योहार के दिनों में अपना स्क्रीन टाइम कम करके अपने लोगों के साथ 'माइंडफुल प्रेजेंस' का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आभासी दुनिया से बाहर निकलकर, त्योहार के वास्तविक रंग में रंगना चाहिए। परिवार के संग त्योहार की खुशियां मनानी चाहिए। यही असली 'माइंडफुल प्रेजेंस' है।

पढ़ाई का एडवांस बैकअप है जरूरी: त्योहार के दिनों में पढ़ाई प्रभावित होना स्वाभाविक है। समझदारी इसी में है कि तुम त्योहार शुरू होने के पहले से ही स्कूल के होमवर्क, असाइनमेंट और आने वाले वाले एग्जाम्स के सिलेबस को एडवांस में पूरा कर लो। यदि तुम ऐसा कर लेते हो, तो त्योहार के दिनों में तुम्हें पढ़ाई की चिंता नहीं सताएगी। तुम बिना किसी प्रेशर के फेस्टिवल को एंज्वॉय कर सकोगे।

मम्मी-पापा की करो मदद: त्योहारों में घर के बड़ों, विशेषकर माता-पिता पर बहुत सारी जिम्मेदारियों का बोझ रहता है। इस बार फेस्टिवल्स में तुम अपने मम्मी-पापा के कामों में उनकी मदद करो, जैसे अपनी किताबें और अन्य सामान को व्यवस्थित रखो। घर की सफाई के दौरान तुम अलमारियों को व्यवस्थित करो। आसपास की दुकानों से पूजन सामग्री या घरेलू सामान लाकर अपने मम्मी-पापा का काम कम कर सकते हो।

हैंडमेड ग्रीटिंग्स देकर करो विश: तुम अभी से कैनवास, वॉटरकलर या स्केच पेन की मदद से अपकमिंग फेस्टिवल्स के लिए कुछ ग्रीटिंग कार्ड्स बनाकर रख लो। ये कसर्ड्स जब तुम अपने फ्रेंड्स या रिलेटिव्स को दोगे तो उन्हें बहुत अच्छा लगेगा।

अपनाओ जीरो वेस्ट-जीरो पॉल्यूशन की नीति: दिवाली बीत जाने के बाद चारों तरफ पटाखों का कचरा और बची हुई सामग्रियां बिखरी दिखाई देती हैं। तुम अभी से संकल्प लो कि त्योहारों में प्रदूषण फैलाने वाली चीजों का कम से कम इस्तेमाल करोगे। साथ ही त्योहारों के बाद सफाई करके सही ढंग से वेस्ट मैनेजमेंट करोगे। *

काइंडनेस बॉक्स से बांटो खुशियां



बच्चो, तुम अपने कमरे में एक 'काइंडनेस बॉक्स' बनाकर रख सकते हो। इसमें अपनी अच्छी स्थिति वाले पुराने खिलौने, ज्ञानवर्धक किताबें, कपड़े और अपनी पॉकेट मनी से बचाए गए कुछ पैसे अभी से इकट्ठा करना शुरू कर दो। त्योहार से एक-दो दिन पहले, अपने मम्मी-पापा, बड़े भाई-बहन या दोस्तों के साथ अनाथालय या झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों के पास जाकर इन्हें उपहार स्वरूप भेंट करो। इससे उन बच्चों को तो खुशी मिलेगी ही, तुम्हें भी खुशी और संतुष्टि मिलेगी।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्यारी-मीठी लोरियां

बच्चो, जब तुम छोटे थे, तो तुमने जरूर अपनी दादी मां या मम्मी से प्यारी-मीठी लोरियां सुनी होंगी। तुम्हारे लिए ऐसी ही मिठास भरी लोरियां लिखी हैं डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने, अपने लोरी संग्रह 'अम्मा की लोरी' में। इसमें कुल 12 लोरियां हैं। पहली लोरी में 'छोटी चिड़िया की बात है' तो दूसरी में चिड़िया को इसलिए बुलाया गया है कि उससे दोस्ती करनी है, जबकि बंदर को आने से रोका है। एक लोरी में गोल-मटोल चंदा की तरह मम्मी का चेहरा, पापा की आंखें, दादा का चश्मा, दादी की बिंदी, सबके सब गोल-मटोल होने की बात है। एक मजेदार लोरी में गिल्लो रानी बगिया में आकर 'कुट-कुट' का शोर करती है। मजा तो तब आता है, जब गिल्लो आकर बस्ते पर बैठ जाती है। एक मीठी लोरी में मम्मी, 'मछली जल की रानी है' पढ़ाती तो हैं, लेकिन मछली नहीं दिखने से बच्चे को हैरानी होती है। एक अन्य लोरी में भैया जी के सपने में दादा-दादी आएंगे तो साथ में तारे भी लाएंगे। एक लोरी में चिड़िया लगातार पानी बरसने से इसलिए उदास है कि वह कुछ भी खाने के लिए कहां से लाए, लेकिन इसी बीच मुन्नी ने कटोरे में भर खीर लाकर चिड़िया को दिया तो उसके साथ कौए की भी दावत हो गई। एक लोरी में तितली बिना रोक-टोक जहां देखो, वहां आती-जाती रहती है। यहां तक कि वह कक्षा में भी आ जाती है, मैम उसे कुछ न कहकर मुस्काती रहती हैं। दूसरी ओर एक लोरी में कौवे राजा का कांव-कांव का शोर यह बताता है कि घर में मेहमान आने वाले हैं। अम्मा-बाबा के आने की कल्पना से ही घर का पूरा वातावरण बदल जाता है। अंतिम लोरी में बिल्ली मौसी चुपके से आकर घर में घुसकर सारा दूध पी लेती है और फिर वहीं पर सो जाती है। संग्रह की हर लोरी तुम्हें खूब भाएगी, तुम इन्हें गाए बिना नहीं रहोगे। *



किताब : अम्मा की लोरी (लोरी संग्रह), **लेखिका :** डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, **मूल्य :** 149 रुपए, **प्रकाशक :** बोधि प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान)



कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

रिटर्न गिफ्ट

अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में उसकी हाउस हेल्पर का बेटा बल्लू भी आया था। अनन्या ने पार्टी में आए अपने सभी फ्रेंड्स को रिटर्न गिफ्ट दिया, लेकिन बल्लू को देने के लिए गिफ्ट नहीं बचा। तो क्या बल्लू खाली हाथ वापस चला गया? बच्चो पढ़ो, बहुत ही प्यारी-सी कहानी।



आज अनन्या का जन्मदिन है। उसकी मम्मी सुबह से तैयारी में लगी हुई हैं। वे इंतजार कर रही हैं अपनी हाउस हेल्पर मालती का। ताकि वह आकर घर के काम-काज में उनकी मदद कर दे।

मालती के आने पर मम्मी ने कहा, 'आज अनन्या का जन्मदिन है। हमने सारे हॉल में गुब्बारे लगा दिए हैं। अब तुम जल्दी से कमरे की सफाई कर दो। फूटे हुए गुब्बारे यहां-वहां बिखरे पड़े हैं।'

मालती झटपट काम में जुट गई। जब वह काम निपटा कर जाने लगी तो मम्मी ने कहा, 'आज शाम को अपने बेटे बल्लू को भी अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में लेकर आना।'

यह सुनकर मालती मुस्कुरा दी। मालती जब अपने घर पहुंची तो उसने देखा कि बल्लू अपनी ड्राइंग की नोटबुक में बहुत सुंदर चित्र बना रहा था। मालती बोली, 'अरे वाह.. कितना सुंदर चित्र बनाया है।' उसने देखा कि चित्र में एक लड़की अपनी बर्थ डे का केक काटने के लिए खड़ी हुई है। पूरा हॉल गुब्बारों से सजा हुआ था।

मालती बल्लू से बोली, 'कमाल है! तुमने तो वह चित्र बना दिया, जो आज शाम को सच में होने वाला है।'

'वो कैसे?' बल्लू चौंका।

मां ने बल्लू को बताया, 'आज शाम को अनन्या की बर्थ-डे पार्टी है। उसकी मम्मी ने तुम्हें भी बुलाया है। वहां चलना है।'

बल्लू बर्थ-डे पार्टी का नाम सुनकर बहुत खुश हुआ। शाम को वह अपने सबसे अच्छे कपड़े पहन कर तैयार हो गया।

बल्लू शाम को समय पर अपनी मां के साथ अनन्या के घर पहुंच गया। पूरा हॉल बच्चों से भरा हुआ था। बल्लू भी मुस्कुराता हुआ अनन्या के पास आया। उसने बर्थ-डे गिफ्ट के रूप में अनन्या को कहानियों की एक किताब दी।

उधर मालती काम में जुट गई। उसकी मदद से सारी व्यवस्था बहुत अच्छी तरह से हो गई थी। बल्लू ने बर्थ-डे पार्टी बहुत अच्छे से एंज्वॉय किया। डांस भी किया। केक खाया और टेस्टी नाश्ता और डिनर किया।

पार्टी के बाद अनन्या अपने हाथों से सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट दे रही थी। सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट देने के बाद अनन्या ने देखा कि रिटर्न गिफ्ट खत्म हो गए थे। बल्लू को अब तक रिटर्न गिफ्ट नहीं मिला था। अनन्या को लगा कि बल्लू को बहुत बुरा लगेगा। वह मम्मी के पास गई, उनसे रिटर्न गिफ्ट खत्म होने के बारे में बताया। मम्मी बोलीं, 'मैं बल्लू को बाद में दे दूंगी।'

'नहीं मम्मी...' बोलकर अनन्या बच्चों द्वारा लाए गिफ्ट्स में से चार डब्बे उठा लाई। 'अक्कड़ बक्कड़ बंबे बो' करके एक डब्बा चुन लिया। वह बल्लू को डब्बा देने ही वाली थी कि मम्मी बोलीं, 'देख तो लो... इसमें है क्या?'

अनन्या बोली, 'नहीं... देखूंगी, कहीं मन न बदल जाए।'


अनन्या की बात सुनकर मम्मी ने उसे शाबासी दी, मुस्कुराते हुए बोलीं, 'जाओ, दे दो बल्लू को रिटर्न गिफ्ट।'

यह सब बल्लू भी देख-सुन रहा था। वह बोला, 'दीदी, मैं बाद में ले लेता... आप अपना गिफ्ट मुझे क्यों दे रही हैं?' बल्लू के मना करने के बाद भी अनन्या ने उसे गिफ्ट का एक डब्बा थमा दिया। अनन्या ने बल्लू से गिफ्ट खोलकर देखने को कहा। उसने जब गिफ्ट खोला तो उसके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। यह तो वही रिमोट कंट्रोल वाली कार थी, जो कल उसने सपने में देखी थी! रिमोट कंट्रोल वाली कार अनन्या को भी बहुत पसंद थी, लेकिन यह तो वह रिटर्न गिफ्ट में बल्लू को दे चुकी थी।

मम्मी ने अनन्या का चेहरा पढ़ने की कोशिश की। अनन्या के चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। वह पहले की तरह ही मुस्कुरा रही थी। उसे मुस्कुराता देख मम्मी के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। *

कविता

डॉ. करुणा पांडे



मदारी

डुग-डुग करता आया मदारी
मेरे घर के अंदर।।
छम-छम भालू नाच दिखाता
साथ में था एक बंदर।।
नाच दिखाता बंदर सुंदर
देख मदारी की लाठी।
अब ऐंठ मदारी बैठ गया,
थी मोटी सी कद काठी।।
बंदरिया ने लहंगा पहना
बंदर देख मुस्काया।।
हमने उसको केला फेंका,
लपक के उसने खाया।
सबसे पैसा बंदर मांगे
छूने पैर वह आया।
तभी वहां लंगूर ने आकर
बंदर को मार भगाया।।

जीके क्विज-226

1. एशियन गेम्स 2026 में भारत ने कुल कितने पदक जीते?
2. एशियन गेम्स 2026 में नीरू ढांडा ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
3. एशियन गेम्स 2026 में पदक तालिका में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?
4. अगले एशियन गेम्स 2030 का आयोजन कहां किया जाएगा?
5. वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे कब मनाया जाता है?
6. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
7. कनाडा की राजधानी का क्या नाम है?
8. पौधे अपना भोजन किस प्रक्रिया से बनाते हैं?
9. 'अर्थशास्त्र' के लेखक कौन थे?
10. भारत के प्रधानमंत्री को पद की शपथ कौन दिलाता है?



बच्चो, जीके क्विज-226 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-225 का उत्तर : 1. पोरबंदर (गुजरात), 2. 1915 ई., 3. गोपाल कृष्ण गोखले, 4. कस्तूरबा गांधी, 5. राजघाट (दिल्ली), 6. रवींद्रनाथ टैगोर, 7. साबरमती आश्रम, 8. दूसरा, 9. स्वर्ण पदक, 10. भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग)

जीके क्विज-225 का सही उत्तर देने वाले : हर्षिल-राजनांदगांव, सुषमा-रायपुर, रचित-बिलासपुर, नेहा-भोपाल, कशिश-बलौदा बाजार, आर्यन-रोहतक, जतिन-दिल्ली, रोहन-दुर्ग, तेजस-महासमुंद, हर्ष-बालोद, सुमित-झज्जर, विकास-हिसार

रंग भरो-212

रंग भरो-212 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आकांक्षी, सरगुजा



आशना, जांजगीर



डिपल, दुर्ग



त्रिशा, रायपुर



दिशा, बिलासपुर



रूबेन, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, जीतू-भोपाल, कुसुम-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रियंका-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राजेश-करनाल, शुभम-बिलासपुर, प्रिया-कोरबा

रंग भरो 213



बच्चो, यहां केला खाते हुए एक क्यूट-से मंकी का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बाली नगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

व्यस्त समय में यातायात का दबाव बढ़ने पर मुख्य सड़कों पर लग रहा जाम

अतिक्रमण से सिकुड़ रहीं शहर की सड़कें, फुटपाथ पर दुकानें व बेतरतीब पार्किंग से राहगीर परेशान

■ राहगीरों को फुटपाथ और सड़क के किनारे की बजाय वाहनों के बीच से निकलना पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के मेन बाजार और प्रमुख मार्गों पर बढ़ता अतिक्रमण अब आमजन के लिए परेशानी का कारण बन गया है। दुकानों के बाहर रखा सामान, सड़क किनारे लगी रेहड़ियां और बेतरतीब खड़े वाहन सड़कों को संकरा कर रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि कई जगह पैदल राहगीरों को फुटपाथ और सड़क के किनारे की बजाय वाहनों के बीच से निकलना पड़ता है। व्यस्त समय में यातायात का दबाव बढ़ने पर यही स्थिति जाम का रूप भी ले लेती है। दुकानदारों द्वारा दुकान की सीमा से बाहर सामान रखने के साथ ही रेहड़ी-पटरी लगाने और सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग से सड़क की उपयोगी चौड़ाई लगातार कम हो रही है। इसका असर न केवल वाहन चालकों पर बल्कि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों पर भी पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान तो चलाए जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है।

सिटी पल्स



झज्जर। शहर के बीकानेर चौक पर लगी कपड़े व मूंगफली की स्टॉल। फोटो : हरिभूमि



अतिक्रमण के कारण उठानी पड़ती है परेशानी

शहरवासी कृष्ण दत्त जांगड़ा ने कहा कि अतिक्रमण की वजह से लोगों को रोज परेशानी उठानी पड़ रही है। दुकानों के आगे सामान और सड़क पर वाहनों की पार्किंग के कारण पैदल चलने के लिए भी जगह नहीं बचती। प्रशासन को नियमित कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि अभियान के बाद दोबारा अतिक्रमण न हो। अब सर्दी के आगमन के साथ ही शहर में मूंगफली की रेहड़ी व रजाई गद्दे भरने वाले प्रवासी श्रमिकों ने भी विभिन्न चौक-चौराहों पर अपना डेरा जमा लिया है।

नहीं हो रही सुनवाई



वार्ड पार्षद जयपाल सिंह बांगड़ ने बताया कि अतिक्रमण शहर की प्रमुख समस्याओं में है। इसका स्थायी समाधान निकालने की जरूरत है। नगर परिषद को नियमित निगरानी के साथ कार्रवाई करनी चाहिए। रेहड़ी-पटरी के लिए निर्धारित स्थान और पार्किंग की व्यवस्था हो तो समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। वे इस संबंध में सीएम विंडो पर भी शिकायत दे चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। शहर के विभिन्न चौक व मुख्य बाजारों में अतिक्रमण की भरमार है।

वाहनों के लिए हो पार्किंग की व्यवस्था



निवासी गुलाब गोठवाल ने कहा कि शहर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जबकि सड़कें सीमित हैं। ऐसे में दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण समस्या को और गंभीर बना देता है। पैदल राहगीरों के लिए सुरक्षित जगह और वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग जरूरी है। प्रशासन को स्थायी व्यवस्था बनानी चाहिए। स्कूल की छुट्टी के समय बीकानेर चौक पर बढ़े ट्रैफिक के कारण यहां विद्यार्थियों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

न्यूज डायरी



मेगा हेल्थ कैंप का 500 लोगों ने उठाया लाभ

झज्जर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छुछकवास में वीरवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच और बीमारियों के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। सरकार की ओर से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। शिविर में 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस मौके पर डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर कुलदीप सिंह, एसएमओ डॉक्टर शिल्पा मेहता, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर प्रिया सुहाग, डॉक्टर प्रियंका मनचंदा, महाबीर सरपंच छुछकवास सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



दावे-आपत्तियों को तत्काल निपटाएं अधिकारी

झज्जर। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के एसआईआर के तहत मतदाताओं की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। सभी निर्वाचक पंजीयन अधिकारी आयोग के निर्देशों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करें। यह निर्देश रोहतक मंडलायुक्त मोनिका मलिक ने वीरवार को एसआईआर अभियान की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं से प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का तत्काल निपटान के लिए नौ अक्टूबर तक विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष अभियान के तहत शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लंबित मामलों का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए।

कैंप में 80 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा



बहादुरगढ़। भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 80 बच्चों के स्वास्थ्य एवं हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की गई। जिन बच्चों में खून की कमी पाई गई, उन्हें परिषद की ओर से गुड़-चना उपलब्ध कराया गया तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. रवि व डॉ. रोहित ने भाविप द्वारा समाजहित में किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में रमेश गुप्ता, वीरेंद्र कौशिक, विजय पुन्हानी, सतीश शर्मा, धर्मेंद्र, राधा देवी, एएनएम मंजू, सोनिया, योगेंद्र, राजेश, मुकेश, संतोष, सुनीता, मीना, अनीता, नीतू व पूनम आदि उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को किया नशे के दुष्प्रभाव व यातायात नियमों के प्रति जागरूक



झज्जर। विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए नशा मुक्ति टीम।

झज्जर। वीरवार को नशा मुक्ति टीम झज्जर की टीम ने गांव खेड़ी खुम्मार स्थित राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। मुख्य सिपाही सपना ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में बताते हुए नशे से हमेशा दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी ऊर्जा को पढ़ाई, खेलकूद और अन्य सकारात्मक गतिविधियों में लगाएं तथा नशे की बुराई से स्वयं दूर रहते हुए अपने साथियों को भी जागरूक करें। वहीं विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव, ऑनलाइन ठगी के प्रति सावधानी तथा किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 का प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने और सड़क पर जिम्मेदारी से व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शिक्षकों व विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता पद यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं कार्यकाल के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रिलायंस मेट सिटी की ओर से क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पेलपा के करीब 150 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने गांव में जागरूकता पदयात्रा निकाली।

विद्यार्थियों ने बैनर व नारों के माध्यम से सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और जन-जागरूकता का संदेश दिया। पदयात्रा के समापन पर प्रतिभागियों ने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की शपथ ली। इसके अलावा दादरी तोय स्थित रिलायंस मेट सिटी साइट ऑफिस कैंपस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निकटवर्ती गांवों के युवाओं के अलावा कंपनी के कर्मचारियों व अधिकारियों ने बढ़ चढ़कर



झज्जर। रिलायंस कर्मियों के साथ जागरूकता पद यात्रा निकालते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक।

भाग लिया। इस दौरान कुल 101 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसके अलावा याकूबपुर में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को साफ-सफाई व स्वच्छ वातावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इन कार्यक्रमों में रिलायंस मेट सिटी की ओर से कर्नल रोमेल राज्याण, लोकेश कापसे, नीलम, अक्षय धनखड़, राजकंवर, संजय, चंचल, देव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

समय पर समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी : एसडीएम

बहादुरगढ़। एसडीएम अभिनव सिवाच ने वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समाधान शिविर में विभिन्न शिकायतों की सुनवाई करते हुए एसडीएम अभिनव सिवाच ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में उसका समाधान किया जाए। शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को एक ही स्थान पर सुनकर उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।



नवाचार और उद्यमिता के लिए किया प्रेरित



झज्जर। क्षेत्र के गांव कुलाना स्थित राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा फर्स्ट इनोवेशन चलेंज विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक दिनेश शेखावत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा और तकनीकी ज्ञान का उपयोग समाज से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति केवल डिग्री हासिल करने से नहीं, बल्कि समस्याओं के नए और प्रभावी समाधान तलाशने से होगी। आज के युवा नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजक और आधुनिक समाधानकर्ता बनने की दिशा में आगे बढ़ें।

उपायुक्त ने सुनीं आमजन की समस्याएं



झज्जर। वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी वर्षा खांगवाल ने आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं दर्ज की गई।



भाजपा पदाधिकारियों ने बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने व सेवा संकल्प अभियान पर की चर्चा

बहादुरगढ़। भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने, सेवा संकल्प अभियान, आगामी पार्टी गतिविधियों, शक्ति केंद्रों की बैठकों, मंडल पदाधिकारियों के कार्य सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बहादुरगढ़ शहरी मंडल में तीन नए पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। विजय यादव को मंडल मंत्री, मनीष सोलंकी को आईटी सेल प्रमुख तथा मधु मित्तल को मंडल मंत्री नियुक्त किया गया। भाजपा नेता दिनेश कौशिक, जिला उपाध्यक्ष नरेश भारद्वाज, रामकंवार सैनी, कर्मबीर राठी, रमेश आर्य, आशु सैनी, दलीप पंचाल, विनय वाल्मीकि, इंदू बागड़ी, रविंद्र राठी, राजकुमार खुराना, दीपक सैनी, संजीत राठी, नरेंद्र शर्मा, बलविंदर मित्तल, रणबीर, संदीप सैनी, प्रमिला जून व सविता पंवार आदि पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। बैठक में कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों एवं जिम्मेदारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही संगठन के कार्यों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

पितृपक्ष की अमावस्या पर गोवंश को खीर-पूरी खिलाने से बचें



बहादुरगढ़। पितृपक्ष की अमावस्या पर अनेक श्रद्धालु अपने पितरों की शांति के लिए गोमाता को खीर, पूरी, हलवा और अन्य खाद्य पदार्थ खिलाते हैं। लेकिन बेसहारा गोवंश को भारी और तैलीय भोजन खिलाना उनके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। ऐसे में गौभक्तों को श्रद्धा के साथ गौवंश के स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। गार्डियन ऑफ एंजेल्स ट्रस्ट के संचालक हरीकिशन मंगले ने बताया कि श्राद्ध के दिनों में उनके गोवंश एवं जीव उपचार केंद्र में प्रतिदिन ऐसे 10-12 मामले पहुंच रहे हैं, जबकि अमावस्या के दिन इनकी संख्या कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि सड़क पर रहने वाले गोवंश को बड़ी मात्रा में खीर, पूरी, हलवा और घी-तेल से बनी चीजें खिलाने से पाचन संबंधी समस्याएं और अफारा हो सकता है। समय पर उपचार नहीं मिलने की स्थिति में बीमार गोवंश की जान भी जा सकती है। हरीकिशन मंगले ने श्रद्धालुओं से गोवंश को खीर-पूरी और तली हुई चीजें खिलाने के बजाय हरा चारा, सीमित मात्रा में उपयुक्त फल-सब्जियां तथा गुड़ आदि खिलाने की अपील की है।

इंटर्नशिप से विकसित होते हैं टीम वर्क व टाइम मैनेजमेंट जैसे कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इंटर्नशिप छात्राओं को 5वें सेमेस्टर में अग्रसर होने के लिए अति आवश्यक : डॉ. राजवंती शर्मा

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में वीरवार को इंटर्नशिप सेल द्वारा यूजी द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए इंटर्नशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। ईएसएस इंस्टीट्यूट के एमडी नवीन गोस्वामी तथा वरिष्ठ रिलेशनशिप मैनेजर जितेंद्र कुमार ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि इंटर्नशिप छात्राओं को 5वें सेमेस्टर में अग्रसर होने के लिए अति आवश्यक है। इंटर्नशिप केवल शैक्षणिक क्षमता को ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक तौर पर भी छात्राओं को अवसर प्रदान करती है। इंटर्नशिप के माध्यम से छात्राओं में कम्युनिकेशन स्किल्स, टीमवर्क, टाइम मैनेजमेंट आदि कौशल भी विकसित होते हैं। नवीन गोस्वामी ने छात्राओं को इंटर्नशिप की अवधि, आवश्यक घंटे, क्रेडिट और मूल्यांकन की व्यवस्था, संबंधित पाठ्यक्रम तथा विश्वविद्यालय के नियमों के बारे में बताया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. सुजाता वर्मा ने कहा कि इंटर्नशिप का अनुभव छात्राओं को भविष्य में शिक्षा तथा रोजगार के अवसरों के संबंध में सोच-समझकर निर्णय लेने में सहायता प्रदान करता है।

इस मौके पर कार्यक्रम संयोजिका डॉ. कुसुम, प्रवेश दहिया, डॉ. शालू शर्मा, डॉ. मनजीत, डॉ. नेहा नैन, चिंकी, डॉ. प्रीति व रेशु आदि उपस्थित रहे।

एक रात में मकान व कई वाहनों से बैट्री चोरी

बहादुरगढ़। गांव खेड़ी जट में एक ही रात में चोरों ने कई वाहनों को और मकान को निशाना बनाते हुए बैट्रियों पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। रामबीर का क हना है कि चार अक्टूबर की रात को यह वारदात हुई है। मेरे टेंट हाउस के सामने खड़े जनरेटर , कैंटर से 2 बैट्री, ट्राले से 2 बैट्री, नवीन के खेत में बने कमरे से 1 बैट्री, इन्वर्टर तथा जगमेंद्र के मकान में खड़े जनरेटर से 1 बैट्री चुराई गई है। इस वजह से काफी आर्थिक हानि हुई है और कामकाज भी बाधित हो गया है। जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर सामान बरामद किया जाए।

रोहतक मंडलायुक्त मोनिका मलिक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

बीएलओ पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें



बहादुरगढ़। गांव सोलधा में बूथ का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त मोनिका मलिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एसआईआर-2026 के तहत वोटर्स से जुड़े नोटिस के निपटान के लिए 9 अक्टूबर तक प्रत्येक मतदान केंद्र पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। रोहतक मंडलायुक्त मोनिका मलिक ने वीरवार को बादली और बहादुरगढ़ विस क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर विशेष शिविरों की व्यवस्थाओं और कार्य प्रगति का जायजा लिया।

मंडलायुक्त मोनिका मलिक ने गांव सोलधा स्थित मतदान केंद्रों पर पहुंचकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष शिविर का उद्देश्य नोटिस का समयबद्ध एवं नियमानुसार निपटान सुनिश्चित करना है, इसलिए सभी बीएलओ पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बहादुरगढ़ अभिनव सिवाच और एसडीएम बादली विशाल कुमार ने एसआईआर कार्यों की जानकारी दी। मंडल आयुक्त मोनिका मलिक ने कहा कि जिन बीएलओ के पास नोटिस का निपटान लंबित है, वे केवल शिविरों तक सीमित न रहें, बल्कि आवश्यकता के अनुसार घर-घर जाकर मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता को परेशानी न हो और निर्धारित प्रक्रिया के तहत दस्तावेज प्राप्त कर समय पर कार्रवाई पूरी की जाए।

शिविरों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। संबंधित ईआरओ और एईआरओ अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर आयोजित शिविरों का नियमित निरीक्षण करें। विशेष शिविरों के दौरान सभी संबंधित बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

घर से ड्यूटी के लिए निकला युवक लापता

बहादुरगढ़। घर से ड्यूटी के लिए निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर ढूंढने की गुहार लगाई है। प्रवासी मूल के जगराम का कहना है कि वह यहां जटवाड़ा में रहता है। गत 3 अक्टूबर को उसका 26 वर्षीय बेटा अंकित एमआईई स्थित कंपनी में जाने के लिए घर से निकला था लेकिन वापस नहीं आया। उसका मोबाइल भी बंद है। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर ढूंढ चुके हैं लेकिन उसका कुछ अता पता नहीं है। उधर, सिटी पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

सूचना

मैं, चेतराम पुत्र श्री भीम सिंह निवासी मकान नंबर-330ए, वार्ड नंबर-27, शक्ति नगर, झज्जर रोड, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नीरज व पुत्रवधु रेशम मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। नीरज व उसकी पत्नी रेशम अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

NOTICE

I, BALJEET SINGH RATHEE S/o Sh. CHETRAM R/o VPO Sarai Aurangabad, Tehsil Bahadurgarh, Distt. Jhajjar (Haryana) 124507 declare that I have changed my name from BALJEET SINGH RATHEE to BALJIT SINGH RATHEE.

राजकीय नेहरू कॉलेज में लड़ाकू विमान मिग 21 पर डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग के तत्वाधान में भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर लड़ाकू विमान मिग 21 पर डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। भारतीय वायु सेना के पूर्व कर्मी एवं सहायक प्राध्यापक शिव शंकर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का आयोजन रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रताप फलसवाल, प्राध्यापक विप्लव शर्मा, प्राध्यापिका हर्षिता शर्मा और नवीन कुमार ने किया। मुख्य वक्ता शिवशंकर ने अपने सेवाकालीन अनुभवों को साझा करते हुए आधुनिक युग में वायु शक्ति की महत्ता, कठोर अनुशासन तथा राष्ट्र सेवा के मूल्यों के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस मौके पर प्राध्यापक विप्लव शर्मा ने भारतीय वायु सेना के गौरवशाली इतिहास और राष्ट्र की रक्षा में उसके अप्रतिम योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यार्थियों को हाल ही में सेवामुक्त हुए भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान मिग-21 की गौरवगाथा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई।

मुख्य चुनाव आयुक्त पर भाजपा सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप

सीईसी के खिलाफ कांग्रेस उतरी सड़कों पर, जमकर की नारेबाजी

ज्ञानेश कुमार को पद से हटाए जाने तक प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। शहर में प्रदर्शन करते हुए पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल, विधायक एवं कार्यकर्ता। **फोटो : हरिभूमि**

वीरवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस शहर के भगत सिंह चौक से अंबेडकर चौक तक प्रदर्शन किया। जिसमें पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए।

पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोग पूरे देश में चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहा है और ईवीएम तथा वोटर लिस्ट का दुरुपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी,जब तक ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से हटाया नहीं जाता। उन्होंने भाजपा सरकार पर किसानों, युवाओं, व्यापारियों और कर्मचारियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में निराशा का माहौल है, कांग्रेस चुनाव आयोग को भाजपा के कथित प्रभाव से मुक्त कराने के लिए संघर्ष जारी रखेगी।


उन्होंने दावा किया कि देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव व्यवस्था सुनिश्चित होने तक कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान विधायक डॉक्टर रघुवीर सिंह कादियान, विधायक कुलदीप वत्स, जिलाध्यक्ष संजय यादव, विक्रम कादियान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाई

बहादुरगढ़। भारत विकास परिषद की तरफ से नेताजी नगर यूपीएचसी के सहयोग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम किया गया। डॉ. रोहित, डॉ. रवि, एएनएम मंजू कुमारी, पूनम मलिक व योगेंद्र के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सरपंच वीरेंद्र कौशिक ने अपनी कविताओं के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र मे पीछे नहीं हैं। भाविप अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में बेटियों को बचाना और पढ़ाना बहुत आवश्यक है। सचिव विजय पुन्हानी ने लोगों को भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाई।



गुभाना के शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

बहादुरगढ़। लोकहित समिति द्वारा वीरवार को गांव गुभाना में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीपीओ सुमित बेनीवाल ने किया। शिविर में 52 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। बीडीपीओ ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही नशे से दूर रहने का आह्वान किया। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करते किया। कैंप के आयोजन में नीलम शर्मा, मोंटी प्रधान, अमित कुमार, सतीश कुमार व खजान सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता टीम के खिलाड़ी। **फोटो : हरिभूमि**

खो-खो स्पर्धा में दुर्गा स्कूल के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महराना के खिलाड़ियों ने अंडर-14 व अंडर-17 बालक वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान हासिल करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। डीपीई अशोक कुमार ने बताया कि दोनों टीमों के खिलाड़ी 9 से 11 अक्टूबर तक पलवल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी व मैट सिटी की ओर से सभी चयनित खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट प्रदान किए गए। विद्यालय संस्थापक रामचंद्र शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

साक्षी प्रथम, मोनिका द्वितीय व अन्नु रही तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में बनाई कलाकृतियां दिखाती प्रतिभागी व विजेता छात्राएं। **फोटो : हरिभूमि**

नगर परिषद द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वेस्ट से आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने कबाड़ एवं वेस्ट सामग्री से आकर्षक और उपयोगी कलाकृति तैयार की। प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम, मोनिका ने द्वितीय तथा अन्नु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। योगिता व तनु को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य अनुपयोगी एवं बेकार सामग्री को रचनात्मक रूप से पुनः उपयोग में लाकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पुनर्चक्रण तथा सतत जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। थोड़ी-सी कल्पनाशीलता और सृजनात्मक सोच से बेकार वस्तुओं को भी उपयोगी एवं सुंदर बनाया जा सकता है। कचरे में भी सृजन की अपार संभावनाएं छिपी हैं। आईईसी एक्सपर्ट नेहा गुलिया ने कहा कि कचरे को संसाधन में बदलना स्वच्छता और सतत विकास की दिशा में एक सार्थक कदम है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक कार्यों की सराहना की। प्रतियोगिता में नप के सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा, रविंद्र, विजय, नेहा गुलिया तथा प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। मंच संचालन सुनीता रानी ने किया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अन्नू शर्मा, सारिका व पूजा जिंदल ने आयोजन में सहयोग किया।



महर्षि दयानंद स्टेडियम के मुक्केबाज चमके

झज्जर। इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर में हाल ही में आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप में स्थानीय महर्षि दयानंद स्टेडियम के मुक्केबाजों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए मेडल जीते। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि खिलाड़ी विवेक सांगवान ने 65 किलोग्राम भार वर्ग, गौरव कादियान ने 85 किलोग्राम भारवर्ग तथा सागर नारायण ने 90 किलोग्राम भारवर्ग में खेलते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इनके अलावा खिलाड़ी लवनेश सैनी ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम की ओर से खेलते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। सभी विजेता खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर उन्होंने सभी विजेता मुक्केबाजों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



गुभाना में लगा सेवा सेतु कैंप

बहादुरगढ़। वीरवार को गांव गुभाना में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। बीडीपीओ सुमित बेनीवाल और अमित गुभाना ने कैंप का अवलोकन कर विभागीय स्टॉलों पर योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि इन कैंपों में पहुंचकर सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी लें और अपनी पात्रता अनुसार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। कैंप में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। इस अवसर पर सरपंच मीनू देवी, सचिव कुलदीप भी उपस्थित रहे।

जीवन में धर्म व सदाचार को उतारना ही सच्ची साधना : स्वामी उमानंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

श्रीराम धर्मशाला में मानस मित्र संघ की ओर से आयोजित श्री विष्णु पुराण कथा के चौथे दिन जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना व समाजसेवी मनीष बंसल ने शिरकत की। कथा व्यास स्वामी उमानंद ने भगवान विष्णु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि विष्णु पुराण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मनुष्य को धर्म, सत्य, सदाचार, सेवा, संयम और परोपकार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला जीवन-दर्शन है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन तभी सार्थक बनता है, जब उसके आचरण में धर्म दिखाई दे। केवल मंदिर में जाकर पूजा करना ही भक्ति नहीं है, बल्कि अपने व्यवहार में सत्य, करुणा और विनम्रता को अपनाना भी भगवान की आराधना है। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु सृष्टि के पालनकर्ता हैं और जब-जब संसार में अधर्म बढ़ता है तथा धर्म की हानि होती है, तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। इस दौरान प्रोफेसर रवि किरण मदान, डॉक्टर गौतम प्रकाश, राधे श्याम भाटिया, जगदीश कटारिया, प्रवीण सुखीजा, संतलाल बुद्धिराजा, देवराज भुगड़ा सहित अन्य भी मौजूद रहे।



श्रद्धालुओं ने लिया गोवर्धन पूजा और कान्हा की बाल लीलाओं का आनंद

झज्जर। सीताराम गेट स्थित सैनी धर्मशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन वीरवार को श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गिरिराज श्रीगोवर्धन की महिमा का श्रवण किया। कथा व्यास त्रिवेंद्र दास महाराज ने श्रीहरि की विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान गिरिराज श्रीगोवर्धन की पूजा का प्रसंग भी सुनाया गया। उन्होंने गोवर्धन पूजा के आध्यात्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सत्य, प्रेम, और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने का माध्यम है।

राधिका ने रजत व नायसा ने कांस्य पदक जीता

बहादुरगढ़। नूना माजरा स्थित बाबा रामदास एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी खेल नर्सरी के खिलाड़ियों ने 40वीं सब जूनियर तथा 43वीं जूनियर नेशनल ताईक्वांडो चैंपियनशित में शानदार प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश के इंदौर में हुई प्रतियोगिता में नर्सरी के कुल 5 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राधिका ने रजत पदक और नायसा ने कांस्य पदक जीता। इलाक्षी और तनिषा ने क्वार्टर फाइनल तथा निधि ने प्रीक्वार्टर फाइनल तक शानदार प्रदर्शन किया।





स्काउट्स एंड गाइड्स शिविर में दिए प्रमाण पत्र

झज्जर। कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के द्वितीय शिविर के सफल आयोजन के उपरांत प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के स्टेट ट्रेनर संजीव कुमार एवं स्टेट ट्रेनिंग कोर्डिनेटर एडवोकेट आशीष त्रेहान ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान किए। कैम्ब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन शरद यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग जैसी गतिविधियां उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राचार्य प्रदीप नेहरा ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके चरित्र निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रशिक्षकों को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका आभार जताया गया।



एनएसएस स्वयंसेवकों ने बांटीं उपयोगी वस्तुएं

बहादुरगढ़। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या सुमन हुड्डा तथा उप प्राचार्य डॉ अमित छिकारा के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-वन व इकाई-टू द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा जरूरतमंद एवं वंचित लोगों की सहायता के लिए डोनेशन ड्राइव चलाया गया। प्राचार्या सुमन हुड्डा ने बताया कि स्वयंसेवकों में सेवा एवं जनकल्याण की भावना विकसित करने के लिए वन डे कैंप एवं डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों को अनाथालय एवं स्लम क्षेत्र में ले जाया गया। जहां उन्होंने जरूरतमंद बच्चों एवं परिवारों से मिलकर उनकी आवश्यकताओं को समझा तथा उनके उपयोग की जरूरी वस्तुओं का वितरण किया। विद्यार्थियों द्वारा कपड़े, खाद्य सामग्री, दैनिक उपयोग की वस्तुएं एवं अन्य आवश्यक सामग्री जरूरतमंदों को उपलब्ध करवाई गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी साहिल और दिव्या के अनुसार इस दौरान स्वयंसेवकों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें अपनत्व एवं सहयोग का भाव दिया। दीपक, पूनम, सीमा और सरला के मार्गदर्शन में एनएसएस स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और संवेदनशीलता के साथ इस सेवा कार्य में भाग लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295154800, 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

विश्व डाक दिवस पर विशेष : उपभोक्ता फ्रेंडली बनाने की कवायद

डाक बांटने के साथ हाईटेक हो रहा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। मुख्य डाकघर में अपनी बारी का इंतजार करते उपभोक्ता।

एक समय था जब डाकिए के थैले में से निकलने वाली चिट्ठी किसी को खुशी का तो किसी को गम का समाचार देती थी। मगर आज नजारा पूरी तरह से बदल चुका है। इंटरनेट के बढ़ते प्रभाव के चलते लोगों ने हाथों से चिट्ठियां लिखना छोड़ दिया है। अब ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यमों से मिनटों में लोगों में संदेशों का आदान प्रदान होने लगा है। हालांकि आज भी डाकघर उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना अन्य संस्थान। क्योंकि अब डाकघर इतना हाईटेक हो चुका है कि वहां तमाम योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है।

दरअसल, 9 अक्टूबर को पूरी दुनिया में विश्व डाक दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसके साथ ही शुरू होता है डाक सप्ताह, इसके हर दिन अलग-अलग दिवस मनाये जाएंगे।

दस अक्टूबर को बचत बैंक दिवस, 11 अक्टूबर को डाक दिवस, 12 अक्टूबर को डाक टिकट संग्रह दिवस, 13 अक्टूबर को व्यापार दिवस तथा 14 अक्टूबर को बीमा दिवस मनाया जाएगा। स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में 22 देशों ने 9 अक्टूबर 1874 को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का गठन करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था। कुछ सालों से तेजी से बढ़ते डिजिटलाइजेशन के इस दौर में डाकिये की भूमिका और डाक की जरूरत घटती जा रही है। ऐसे में डाक विभाग अपने अस्तित्व को बचाने और लोगों को तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने को लेकर लगातार नए प्रयास कर रहा है।

नई सेवाओं से बनी बात

पोस्ट ऑफिस अब चिट्ठियों के साथ ही कमर्शियल पार्सल पर भी तेजी से शिफ्ट हो गया है। इसके अलावा बचत खाता, राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना समेत तमाम वह योजनाएं भी संचालित कर रहा है, जिसका लाभ हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। इसके अलावा जन सुविधा के लिए, आधार नामांकन एवं अपडेट, माई स्टैम्प, पासपोर्ट सेवा केंद्र शामिल है। पोस्टमास्टर दीपक मल्होत्रा के अनुसार आधार बेस्ड पेयमेंट और क्यूआर स्कैन से लेन-देन सुरक्षित और तेज हो गए हैं। पार्सल की रीयल टाइम ट्रैकिंग से पारदर्शिता बढ़ी है। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों के खातों तक पहुंच रहा है। व्यापारी डाक घर निर्यात केंद्र के जरिए अब अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच पा रहे हैं।